**चैत्र नवरात्रि**
की हार्दिक शुभकामनाएं
मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
**एम. के. बन्धानी हींग**
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः**

## जोखिम का शॉर्टकट







लखनऊ–प्रयागराज रेल मार्ग पर कनकहा और निगोहां रेलवे स्टेशन के बीच ब्रह्मदासपुर क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण चल रहा है। क्रॉसिंग से आवागमन बंद वैकल्पिक मार्ग क्रॉसिंग बनाई गई है, लेकिन शॉर्ट कट के चक्कर में बाइक व साइकिल सवार नियमों की अवहेलना कर पटरी पार करते हैं। चौकीदार के रोकने पर लड़ने झगड़ने लगते हैं, कुछ समझदार लोग जरूर समझाने पर लौट जाते हैं। शॉर्ट कट के चक्कर में अप–डाउन लाइन पार करने वाले दो पहिया वाहन चालकों को लापरवाही बरतने से पहले अपने परिवार के बारे में भी सोचना चाहिए। अमृत विचार

# दिन में सर्वर डाउन, रात तक संपत्तियों की रजिस्ट्री

## हंगामे, धक्का-मुक्की और गाली-गलौज तक पहुंची नौबत

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज तहसील में सर्वर की समस्या के चलते संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए आए लोग परेशान हो रहे हैं। पिछले दो दिनों से तो हंगामे की स्थिति बन रही है। बुधवार को पहले नंबर लगाने को लेकर धक्का-मुक्की और गाली गाली गलौज हुई और फिर कर्मचारियों से कहासुनी तक बात पहुंच गई। मंगलवार को रात 11:30 बजे तक और बुधवार को देर शाम तक रजिस्ट्रियां होती रहीं। बुधवार को रजिस्ट्री के लिए 280 रजिस्ट्रेशन कराए गए।



मोहनलालगंज तहसील में रजिस्ट्री के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

मोहनलालगंज तहसील में कई महीने से सर्वर की समस्या आ रही है। इससे रजिस्ट्री कराने वालों को सुबह से देर रात तक रुकना पड़ता था । सर्वर ठीक कराने के लिए करीब चार दिन रजिस्ट्री बंद कर दी गई। अब तो समस्या पहले से अधिक बढ़ गई है। मंगलवार दिन में सर्वर लगभग ठप रहा। शाम को काम शुरू हुआ और रात लगभग 11:30 बजे तक रजिस्ट्री की गईं। बुधवार को फिर सुबह से सुबह में दिक्कत आ गई। दोपहर में सर्वर कुछ सही होने पर नंबर लगाने के लिए हंगामा होने लगा।रजिस्ट्री कराने आए लोगों की कर्मचारियों के साथ कहासुनी तक हो गई। कुछ लोगों जैसे तैसे शांत कराया। रजिस्ट्री करने आए बुजुर्ग राजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि दिनभर सर्वर नहीं चला। शाम तक लाइन में लगे रहे, देर शाम किसी तरह रजिस्ट्री हो पाई। सुलतानपुर से आए रवि तिवारी और देवरिया से आए रामेंद्र घंटों लाइन में लगे रहे। रामेंद्र ने बताया कि गोद में बेटी को लेकर सुबह से रात तक इंतजार किया, इसके बावजूद रजिस्ट्री नहीं हो पाई। छोटे बच्चों को लेकर आईं महिलाएं ज्यादा परेशान दिखीं। शाम 5 बजे के बाद कार्यालय में बना शौचालय बंद होने से दिक्कत हो जाती है, क्योंकि महिला शौचालय है वह भी शाम 5 बजे के बाद बंद कर दिया जाता है। लोगों ने बताया कि बिजली आने पर भी काम ठप हो जाता है।

## 13 करोड़ की हाइड्रोलिक पार्किंग होगी चालू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू प्रशासन ने लारी कॉर्डियोलॉजी सेंटर में वर्षों से बंद पांच मंजिला हाइड्रोलिक मल्टीलेवल पार्किंग को चालू कराने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। 13 करोड़ से बनी इस पार्किंग के उपकरणों की मरम्मत पर लाखों रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है।

लारी में प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। कई मरीज निजी वाहनों से लाए जाते हैं। परिसर में पर्याप्त पार्किंग सुविधा न होने के कारण वाहन सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।

वर्ष 2018 में डॉक्टरों और स्टाफ के वाहनों के लिए लारी के नए भवन के पीछे पांच मंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग का निर्माण कराया गया था। लगभग 80 वाहनों की क्षमता वाली ये पार्किंग एक बार भी उपयोग में नहीं लाई गई।

जिससे इसके हाइड्रोलिक उपकरण खराब हो गए। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह के अनुसार, मरम्मत की प्रक्रिया जल्द शुरू कर पार्किंग को संचालित किया जाएगा।

# 23 मीटर चौड़ा निकला गंगापुर का नाला

## रियल एस्टेट कंपनियों को दो दिन में नाला खोदने की हिदायत

संवाददाता गोसाईगंज

**अमृत विचार :** गोसाईगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगागंज में दो रियल एस्टेट कंपनियों ने गांव का नाला पाट कर प्लाटिंग शुरू कर दी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसील में की थी, जिस पर बुधवार को नायब तहसीलदार ने टीम के साथ पैमाइश कराकर दो दिन में नाला चौड़ा करने की हिदायत कंपनी के लोगों को दी है।



नाले की पैमाइश के दौरान मौजूद अधिकारी और अन्य लोग।

गाटा संख्या 1368 की तीन बीघा बंजर भूमि नाला प्राकृतिक नाला बना था। इसे रियल एस्टेट कंपनियों ने पाटकर पांच फीट का कर दिया। विवाद होने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी से शिकायत की थी। उनका कहना था कि इस नाले से रसूलपुर, आशिक अली, शहजादेपुर समेत 50 गांवों का पानी निकलता है। नाला पाटने से इन गांवों और रास्तों में जलभराव होगा। इस पर उप जिलाधिकारी मोहनलाल पवन पटेल ने नायब तहसीलदार सैव्या मिश्रा की अगुवाई में कानूनगो, लेखपाल आदि को पैमाइश के लिए भेजा। टीम ने पैमाइश कर नाले की चौड़ाई 23 मीटर चौड़ाई चिन्हित की। इसके बाद कंपनियों के लोग नाला चौड़ा करने पर राजी हो गए। नायब तहसीलदार ने कहा कि अगर 2-3 दिन में चौड़ा नहीं किया तो प्रशासन खुदाई कराएगा और कंपनियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

## ग्राहकों के लाखों रुपये लेकर ट्रैक्टर एजेंसी मालिक फरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज इलाके में ट्रैक्टर और ट्रैक्टर लोडर देने के नाम पर ग्राहकों से एडवांस लेकर एजेंसी मालिक फरार हो गया। ग्राहकों ने एजेंसी मालिक को फोन मिलाया तो मोबाइल स्वीच ऑफ मिला। ग्राहक शोरूम पहुंचे तो उन्हें ताला लटका हुआ मिला। तीन ग्राहकों ने लाखों रुपये लेकर भागने का आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे में ट्रैक्टर एजेंसी में नए ट्रैक्टर और ट्रैक्टर लोडर लेने के लिए एजेंसी के मालिक को पिछले वर्ष लाखों रुपये का एडवांस भुगतान किया। लेकिन उन्हें ट्रैक्टर नहीं मिला। ग्राहकों ने रुपये वापस मांगे। इसपर एजेंसी मालिक ने चेक काटकर सौंप दिया। पीड़ितों ने चेक खाते में लगाया तो वह बाउंस हो गया। इसी बीच एजेंसी के शोरूम में ताला लटक गया। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया तीन लोगों ने ट्रैक्टर एजेंसी के मालिक के खिलाफ शिकायत की है।

### न्यूज ब्रीफ

## रेरा ने 131 एजेंटों को बांटे प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बुधवार को मुख्यालय में ' 'एजेंट प्रशिक्षण प्रमाणन कार्यक्रम'' आयोजित किया। इस दौरान अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने 30वें, 31वें और 32वें बैच के सफल 131 अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र बांटे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पहली बार दिसम्बर 2024 में लखनऊ स्थित लिटरेसी हाउस से शुरू हुआ था। प्रशिक्षण में एजेंटों को रेरा अधिनियम, नियम एवं विनियम, आवंटियों के अधिकार एवं जिम्मेदारियां, संपत्ति लेनदेन के कानूनी पहलू तथा प्रमोटरों की जिम्मेदारियां की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## बुधवार को खुला रहा माल का मां अस्पताल

**अमृत विचार, माल :** माल इलाके में मां अस्पताल को बंद करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक ने दिए थे, लेकिन बुधवार को भी अस्पताल खुला रहा। खुले अस्पताल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। इस अस्पताल में बुखार से पीड़ित पीरनगर गांव निवासी अजीत के बेटे अविश को भर्ती कराया गया था। डॉक्टर की सलाह पर निजी लैब में हुई जांच में बच्चे को डेंगू एंटीजेन पॉजिटिव बताया गया था। सीएचसी में हुई जांच में रिपोर्ट निगेटिव निकलने पर सीएचसी प्रभारी डॉ. जेपी सिंह ने अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, जवाब न मिलने पर अस्पताल बंद करने का आदेश जारी किया था। नर्सिंग होम के नोडल अफसर डॉ. एपी सिंह कहा कि अस्पताल का संचालन हो रहा है तो संचालक पर कार्रवाई कराई जाएगी।



पुलिस अधिकारियों के साथ किशोरियां और महिलाएं।

# 151 कन्याओं का पूजन कर किया जागरूक

संवाददाता, निगोहां


**अमृत विचार:** क्षेत्र के नंदौली गांव में सरल केयर फाउंडेशन और शांति फाउंडेशन की ओर से 151 कन्याओं का पूजन किया गया। इसके बाद मिशन शक्ति अभियान के तहत निगोहां थाने की सब इंस्पेक्टर गायत्री व सिपाही बॉबी ने छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी असहज स्थिति में तुरंत अपने परिजनों या पुलिस को सूचना दें। साथ ही मोबाइल फोन का उपयोग सीमित और अभिभावकों की अनुमति से करने की सलाह दी। सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि पुलिस से संपर्क करने में संकोच न करें। ग्राम प्रधान रीना सिंह और पूर्व बीडीसी वंदना सिंह ने मिशन शक्ति टीम का स्वागत किया। शिक्षक आईपी सिंह, पूर्व प्रधान राम बहादुर, राजेश रावत, वंशीलाल, अनूप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## प्लास्टर के दौरान राजगीर की करंट से मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** थाना क्षेत्र के हरकशगंढी में निर्माणाधीन मकान में प्लास्टर करते वक्त राजगीर करंट की चपेट में आने से राजगीर की मौत हो गई।

हरिकंशगढ़ी में लॉ कालेज के पीछे रायबरेली जिले के मियापुर में रहने वाले श्रवण कुमार अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं। मकान की दूसरी मंजिल पर प्लास्टर का काम चल रहा है। मोहनलालगंज के दौलतगंज निवासी राजगीर सनी (30) बुधवार को पहली बार इस मकान पर काम करने पहुंचा था। वह दूसरी मंजिल पर दीवारों पर प्लास्टर कर रहा था। काम करते हुए बिजली के मेन केबिल में उतर रहे करंट की चपेट में आकर सनी बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया।

मौके पर मौजूद ठेकेदार ने स्थानीय चौकी पुलिस समेत घायल राजगीर के परिजन को सूचना दी। पुलिस गम्भीर हालत में झुलसे राजगीर को मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने ठेकेदार को बुलाने के लिए हंगामा किया।

यह कैसे काम करता है:
- बैंक ग्राहकों की केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करके उसे सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) पर अपलोड करते हैं
- ग्राहक को 14-अंकों का एक नंबर जारी किया जाता है
- अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा नया खाता खोलने और री-केवाईसी करने के लिए ग्राहक के मौजूदा केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु 14-अंकों के इस नंबर का उपयोग किया जा सकता है

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

अपना सीकेवाईसी नंबर प्राप्त करने के लिए:
अपने बैंक से संपर्क करें **या** 7799022129 पर मिस्ड कॉल दें **या** https://ckycindia.in पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/CKYCR पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


### स्कूल चलो

## सरकार प्राथमिक स्कूलों में नवारंभ कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया कक्षा एक में प्रवेश

# नव प्रवेशी बच्चों को अपर मुख्य सचिव ने दिए उपहार

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरकारी प्राथमिक स्कूलों में बुधवार को नवारंभ कार्यक्रमों का आयोजन कर नए बच्चों का नामांकन कराया गया। इस दौरान नव प्रवेसी बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन भी किया गया। सरोजनी नगर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामचौरा में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा ने वागंतुक बच्चों को गिफ्ट हैम्पर वितरित किए।



बच्चों के साथ अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा व अन्य।

अपर मुख्य सचिव ने बाल वाटिका की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के समग्र विकास की मजबूत नींव रखती है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बाल वाटिका और प्री-प्राइमरी शिक्षा के महत्व के साथ-साथ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग की अपील की।ईसीसी एजुकेटर ने छह वर्ष पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सौंपी गई।

मंडलीय सहायक सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, बीएसए विपिन कुमार, बीईओ मुख्यालय राजेश सिंह, बीईओ सरोजनी नगर आरपी यादव और अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताएं भी हुईं

**अमृत विचार, मलिहाबाद/गोसाईगंज :** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरावा फरीदीपुर में इंचार्ज अध्यापिका समीना रिज़वी की अध्यक्षता और खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य की उपस्थिति में आयोजन हुआ। इसमें आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका के बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए।बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव अस्ती स्थित प्राथमिक विद्यालय बालवाटिका के लिए 10 बच्चे चिह्नित किए गए। सात बच्चों का कक्षा-1 में प्रवेश कराया गया। ग्राम प्रधान सुमन देवी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक जगत पाल, नूर जहां, संगीता निगम, एसएमसी अध्यक्ष गोमती प्रसाद, शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा और अभिभावक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग आधारित प्रशिक्षण पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर कौशल विकास पर सरकार ने जोर बढ़ा दिया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के सशक्तिकरण और उद्योग आधारित प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। मंत्री बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से आधुनिक प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने और युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुसार तैयार करने पर चर्चा हुई। बैठक में डेलॉइट के प्रतिनिधियों ने भविष्य उन्मुख कौशल, नई तकनीकों और बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रस्तुति दी।

### जनभवन स्कूल में दाखिले के लिए किया प्रेरित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल के निर्देश पर जन भवन के अधिकारियों ने मंगला देवी विद्यालय और मॉडल मॉन्टेसरी स्कूल में नामांकन प्रोत्साहन शिविर आयोजित किए। इस दौरान अभिभावकों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मंशा है कि अधिक से अधिक बच्चे जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश लें, जहां उन्हें उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के दौरान अधिकारियों ने अभिभावकों और बच्चों को विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, स्कूल की विशेषताओं को दर्शाती एक वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिससे अभिभावकों को विद्यालय की व्यवस्था और वातावरण की बेहतर समझ मिल सके।

### कर्मचारियों को मिला एआई का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से प्रशासनिक कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है। मिशन निदेशक, बुधवार को यूपीएसडीएम में प्रशासनिक कार्यों को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए दो दिवसीय एआई विषयक कार्यशाला में अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश से आए विशेषज्ञों की टीम ने करीब छह घंटे के प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों को एआई के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया। विभिन्न एआई टूल्स और सॉफ्टवेयर के माध्यम से यह समझाया गया कि जटिल और समय लेने वाले कार्यों को कैसे सरल बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' और ऑटोमेशन पर विशेष जोर दिया गया।

### प्रयागराज में 4 से 6 मई तक नॉर्थ टेक संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में 4 से 6 मई तक भारतीय सेना द्वारा, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के समन्वय से नॉर्थ टेक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह घोषणा बुधवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित बैठक में की गई। नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 का आयोजन भारतीय सेना की उत्तरी और मध्य कमानों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह पहल दोनों कमानों के परिचालन संबंधी दृष्टिकोणों को एकीकृत करती है। सिम्पोजियम में उद्योग भागीदारों द्वारा तकनीकी प्रदर्शन किए जाएंगे, जो उद्घाटन समारोह के दौरान जारी किए गए समस्या परिभाषा कथनों (प्रॉब्लम डेफिनिशन स्टेटमेंट) के संकलन और तकनीकी चुनौतियों पर भारतीय सेना के पूर्व प्रकाशनों पर आधारित होंगे।

## 30 वर्ष पुराने मामले में राज बब्बर बरी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मतदान अधिकारी व अन्य कर्मचारियों से मारपीट करने का था आरोप



**अमृत विचार :** वर्ष 1996 के चुनाव में मतदान के दौरान मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों से मारपीट करने के एक मामले में तत्कालीन सपा प्रत्याशी राज बब्बर को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के फैसले को चुनौती देने वाली अपील को एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने स्वीकार करते हुए राजबब्बर को आरोपों से बरी कर निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया।

राज बब्बर बुधवार को अपरान्ह करीब 2 बजे कोर्ट में हाजिर हुए। इसके बाद शाम लगभग साढ़े पांच बजे अदालत ने कांग्रेस नेता राज बब्बर के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनको निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दो साल की कैद और 6500 रुपये के जुर्माने की सजा को समाप्त करते हुए बरी कर दिया। राजबब्बर को सात जुलाई 2022 को एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम ने भारतीय दंड संहिता की धारा-143 में छह महीने की कैद और 1000 रुपये का जुर्माना, 332 में दो साल की कैद और चार हजार रुपये जुर्माना, 353 में एक वर्ष की कैद और एक हजार रुपये का जुर्माना और 323 में 6 माह की कैद और 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

पत्रावली के अनुसार, मामले की रिपोर्ट 2 मई 1996 को मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राणा ने थाना वजीरगंज में तत्कालीन सपा प्रत्याशी राज बब्बर एवं अरविन्द यादव समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि मतदान केंद्र संख्या 192/103 के बूथ संख्या-192 पर जब मतदाताओं का आना बंद हो गया, तब वादी मतदान केंद्र से बाहर निकलकर खाना खाने जा रहा था, इसी बीच समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजबब्बर अपने साथियों को लेकर मतदान केंद्र में आए एवं फर्जी मतदान का झूठा आरोप लगाने लगे। आरोप था कि आरोपियों ने वादी एवं शिव कुमार सिंह को मारा पीटा, जिससे उन्हें चोट आई।

## बीमारी व कलह से तंग दो ने की आत्महत्या

संवाददाता, मोहनलालगंज/सरोजनीनगर

- शव की फोटो सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद हुई पहचान

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज क्षेत्र के बक्खाखेड़ा गांव के पास रेलवे लाइन किनारे बुधवार सुबह एक अधेड़ महिला का शव पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव की फोटो सोशल मीडिया पर साझा की गई। फोटो देखने के बाद एक युवक ने महिला की पहचान सरोजनीनगर के बेहसा निवासी अपनी दोस्त की मां विमला देवी उर्फ बन्नो चौरसिया (52) के रूप में की। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने भी शव की पुष्टि की।

परिजनों के मुताबिक विमला मूल रूप से उन्नाव के मौरावां की रहने वाली थीं। छह माह पहले घर में गिरने से उनकी कमर की हड्डी टूट गई थी, जिसके बाद से उन्हें चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती थी। लंबे समय से दर्द और शारीरिक परेशानी के कारण वह मानसिक तनाव में रहती थीं। मंगलवार सुबह वह पूजा करने के बाद बिना बताए घर से निकल गई थीं। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया बीमारी और तनाव के चलते आत्महत्या की आशंका है। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

उधर, बिजनौर कस्बे के सरवन नगर में किराये के मकान में रह रहे मजदूर विनोद रैदास (34) ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। वह मूल रूप से लखीमपुर खीरी का निवासी था। बताया गया कि होली से पहले शराब पीने को लेकर उसका पत्नी प्रीति से विवाद हुआ था, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। इससे विनोद काफी परेशान रहने लगा और पिछले कुछ दिनों से लगातार शराब पी रहा था। मंगलवार शाम जब उसका चाचा उसे खाने के लिए बुलाने पहुंचा, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खोलने पर वह फंदे से लटका मिला। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

# नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट परीक्षा : सरगना व सॉल्वर समेत नौ आरोपियों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जाली दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर सॉल्वर को लेखक बनाकर बैठाते थे
- एसटीएफ ने विकासनगर सेंट्रल एकेडमी से की गिरफ्तारी

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षा में जाली दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर लेखक उपलब्ध कराकर नकल कराने वाले गैंग का यूपी एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने गिरोह के सरगना समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 13 मोबाइल, दो लैपटॉप, 2,70,475 रुपये, एक कार व छह जाली प्रमाण पत्र बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

डीएसपी एसटीएफ विमल कुमार सिंह ने बताया कि 22 मार्च से 25 मार्च 2026 तक सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित ईएमआरएस (एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल) भर्ती परीक्षा टियर-2 जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट परीक्षा को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए यूपी एसटीएफ को लगाया गया था। इसी दौरान सूचना मिली कि प्रतियोगी परीक्षाओं में झांसी, जालौन व उनके समीपवर्ती अन्य जिलों में एक गैंग सक्रिय है। उक्त गैंग बेरोजगारों व उनके अभिभावकों को नौकरी का लालच देकर फंसाते हैं। स्वस्थ प्रतियोगी अभ्यर्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर प्रतियोगी परीक्षाओं में दिव्यांग घोषित कर फर्जी तरीके से बनाए गए मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर परीक्षा में उनके लिए लेखक का उपयोग कर ठगी करते हैं।

छानबीन में पता चला कि विकासनगर सेक्टर-4 स्थित सेंट्रल एकेडमी परीक्षा केंद्र पर फर्जी तरीके से लेखक के सहयोग से परीक्षा दी जा रही है। इस सूचना पर एसटीएफ व विकासनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने परीक्षा केंद्र से सॉल्वर बनकर बैठे 8 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद गोरखपुर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ एवं अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।



एसटीफ की गिरफ्त में परीक्षा में नकल कराने के आरोपी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

पकड़े गए आरोपियों में राज किशोर निवासी ग्राम भरोसा मोंठ झांसी, नीरज झा निवासी विजय विहार रोहिणी दिल्ली, राम मिलन निवासी काशीपुर पूंछ झांसी, सत्यम कुमार निवासी रविनगर कोतवाली सदर सहारनपुर हालपता सेक्टर-7 जानकीपुरम विस्तार, मनीष मिश्र निवासी सलफान अशोक सिटी मेडिकल कालेज झांसी, आकाश अग्रवाल निवासी मातापुरा मोठ झांसी, सौरभ सोनी निवासी ग्राम मोठ मोहल्ला मनभरनपुर झांसी, अभिषेक यादव निवासी सुभाष नगर कोंच जालौन और दीपक कुमार निवासी अढ़हनपुर मुसाफिर अमेठी हैं।

सरगना मनीष ने पूछताछ में कबूला कि उसका गिरोह सरकारी एवं सार्वजनिक विभागों में ऑफलाइन परीक्षा केंद्रों पर दिव्यांगता श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रश्न पत्र हल कराने के लिए साल्वरों को प्रवेश कराकर अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र को हल कराकर ठगी करता है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जमखनवा में पूर्व प्रधान समेत तीन घरों में चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नकदी और जेवर सहित लाखों रुपये का सामान लेकर फरार
- घटना के वक्त परिवार के लोग घर में सो रहे थे

**अमृत विचार:** इटौंजा क्षेत्र के जमखनवा गांव में मंगलवार देर रात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए पूर्व प्रधान समेत तीन घरों में चोरी कर ली। घटना के समय सभी परिवारजन घरों में सो रहे थे। चोर नकदी और जेवर सहित लाखों रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी सुनील पांडेय के मुताबिक, वह परिवार के साथ रात में भोजन कर सो गए थे। देर रात चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और कमरे में रखा बक्सा उठा ले गए, जिसमें 32 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर रखे थे। इसके बाद चोरों ने पूर्व प्रधान सौरव गुप्ता के घर को निशाना बनाया। घर पर रह रहे शुभम अवस्थी को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया और अंदर अलमारी का लॉक तोड़कर करीब 20 हजार रुपये चोरी कर लिए।

सुबह जब शुभम की नींद खुली तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने कुंडी खोलकर उन्हें बाहर निकाला। वहीं चोरों ने पूर्व प्रधान रमेश तिवारी के घर में भी दीवार के सहारे प्रवेश किया। छत पर सो रहे उनके बेटे को भनक नहीं लगी और चोर कमरे से दो बैग उठा ले गए, जिन्हें बाद में खेत में छोड़कर फरार हो गए।

इसके अलावा चोरों ने रमेश रावत के घर में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन आहट पाकर जागे ग्रामीणों के शोर मचाने पर बदमाश मौके से भाग निकले। बुधवार सुबह पीड़ित परिवारों ने इटौंजा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## आवास विकास में ओटीएस स्कीम 18 से

### 90 दिन तक किश्त जमा न करने वाले आवंटी डिफाल्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास विकास में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 18 अप्रैल से लागू होगी। इसमें तीन महीने तक किश्त न जमा करने वाले डिफाल्टर आवंटियों को धनराशि जमा करने का एक अवसर दिया जाएगा।

| संपत्ति का प्रकार | प्रोसेसिंग फीस | प्रारंभिक धनराशि |
|---|---|---|
| | (रुपये में) | |
| ईडब्ल्यूएस भूखंड-भवन | 100 | 5000 |
| एलआईजी भूखंड-भवन | 500 | 10,000 |
| मिश्रित श्रेणी की सम्पत्ति | 2100 | 50000 |
| ग्रुप हाउसिंग | 11000 | 500000 |
| संस्थागत सम्पत्तियां | 11000 | 500000 |
| व्यावसायिक सम्पत्तियां | 11000 | 500000 |
| मानचित्र | 5000 | 200000 |

परिषद से आवंटन या नीलामी के माध्यम से सभी प्रकार की संपत्ति खरीदने वाले आवंटियों को ओटीएस योजना का लाभ मिलेगा। योजना के तहत ऐसे डिफाल्टर आवंटियों से दंड ब्याज न लेकर साधारण ब्याज लिया जाएगा। इस योजना में डिफाल्टर आवंटी तीन महीने तक आवेदन कर सकेंगे। आवास विकास के सम्पत्ति कार्यालय प्रबंधकों ने ओटीएस योजना के लिए सभी डिफाल्टर आवंटियों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। आवेदन के समय प्रोसेसिंग फीस और प्रारंभिक धनराशि जमा करनी होगी।

## आभा आईडी बनाने में लक्ष्य से 9 करोड़ दूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डिजिटल हेल्थ सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए मंडल स्तरीय सम्मेलन

**अमृत विचार:** प्रदेश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की सचिव डॉ. रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में 24 करोड़ आभा आईडी बनाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अब तक लगभग 15 करोड़ आईडी बनाई जा चुकी हैं। इनमें करीब 40 लाख आईडी निजी अस्पतालों द्वारा बनाई गई हैं।

स्वास्थ्य सचिव बुधवार को राजधानी स्थित निजी होटल में अपर मुख्य सचिव डॉ. अमित घोष के निर्देशन में आयोजित मंडल स्तरीय आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सम्मेलन में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि एबीडीएम से 76 हजार अस्पताल और 1.05 लाख चिकित्सक जुड़ चुके हैं। साथ ही उन्होंने आभा आईडी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, इसे हेल्थ रिकॉर्ड से जोड़ने और आभा आधारित ओपीडी, फार्मेसी व लैब सेवाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए।



उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करतीं सचिव डॉ. रितु माहेश्वरी।

सम्मेलन में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोकबंधु अस्पताल सहित कई संस्थानों के बेहतर प्रदर्शन को सराहा गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों लोकबंधु अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा राम सागर संयुक्त जिला अस्पताल को सर्वाधिक आभा आधारित ओपीडी पंजीकरण करने के लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय के नोडल ऑफिसर डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी तथा डाटा एग्जीक्यूटिव जुऐद अहमद को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश सरकार कर रही फर्जी एमओयू



अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार झूठे प्रचार और दिखावे के लिए नकली एमओयू करती है। इस सरकार ने जितने एमओयू किए हैं, उसमें ज्यादातर फर्जी हैं। एआई की एक कंपनी 2025 में बनी, उसकी वेबसाइट 2025 की है, 2026 में उससे 25 हजार करोड़ का एमओयू हो गया। इसके डायरेक्टर्स की कोई वैल्यू नहीं है, कोई वेल्थ नहीं है। कहां से आकर इतना बड़ा एमओयू कर लिया। सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इसके पहले भी ऐसे कई एमओयू पकड़े गये थे, जिन कंपनियों के पास कुछ भी नहीं था, लेकिन उन्होंने हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। मुख्यमंत्री और भाजपाई निवेश का हवा-हवाई दावा करते हैं। जमीन पर कोई निवेश नहीं दिख रहा है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना कमीशन के कोई काम नहीं हो रहा है।

## युवाओं को 'सहायक ग्राम प्रहरी' के रूप में जोड़ने का दिया सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम चौकीदारों को ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि चौकीदार सशक्त होंगे तो ग्रामीण भारत और अधिक सुरक्षित बनेगा। उन्होंने कहा कि चौकीदार गांव की आंख और कान होने के साथ ही पुलिस के लिए सूचना का प्रमुख स्रोत हैं। राजधानी स्थित खुर्रमनगर में चौकीदार प्रदेश समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उडॉ. निर्मल ने कहा कि वर्तमान समय में केवल चौकीदारों के भरोसे पूरे गांव की सुरक्षा संभव नहीं है। इसके लिए ग्रामीणों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि गांवों में रात की संयुक्त पेट्रोलिंग को बढ़ावा दिया जाए और युवाओं को 'सहायक ग्राम प्रहरी' के रूप में जोड़ा जाए।

## पीडीए है परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी



पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सपा का तथाकथित पीडीए कोई सामाजिक न्याय का अभियान नहीं, बल्कि परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है, जिसका उद्देश्य केवल एक परिवार की राजनीति को आगे बढ़ाना है। पंकज चौधरी ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई से वही लोग डरते हैं, जिनका संबंध माफियाओं और दंगाइयों से रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई गरीबों पर नहीं, बल्कि उन भू-माफियाओं और अपराधियों पर हो रही है, जिन्हें सपा सरकार के दौरान संरक्षण मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा शासनकाल में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा पीड़ित रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति हमेशा परिवार पहले, दल बाद में और जनता सबसे बाद में- के सिद्धांत पर चली है।

## श्रम संहिताओं में गिग वर्कर्स को मिली पहचान : डॉ.शन्मुगा सुंदरम

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए सरकार ने पहल तेज कर दी है। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम् ने कहा कि श्रम संहिताओं में पहली बार गिग वर्कर्स को स्पष्ट पहचान दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुमानित 14-15 लाख गिग वर्कर्स हैं, जबकि अब तक करीब 1.34 लाख का ही पंजीयन हुआ है। इस अंतर को कम करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है। प्रमुख सचिव बुधवार को उप्र.राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में वर्कर्स, ट्रेड यूनियनों, एग्रीगेटर्स और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर गिग वर्कर्स की समस्याओं और आवश्यकताओं पर खुलकर चर्चा की।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर सुधार का समाधान नहीं : परिषद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- नामचीन बिजली कंपनियों ने नहीं लगाए स्मार्ट मीटर

**अमृत विचार:** बिजली उपभोक्ताओं पर जबरन थोपे जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की रेटिंग में ए-प्लस पाने वालीं देश की 36 शीर्ष बिजली कंपनियों ने प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को नहीं अपनाया है। इससे साफ है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर दक्षता और वित्तीय सुधार का समाधान नहीं है। ऐसे में प्रदेश के पावर कारपोरेशन द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना समझ से परे है।

परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि निजी क्षेत्र की बिजली कंपनियों जैसे नोएडा पावर कंपनी और टोरेंट पावर में अभी तक प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग का व्यापक क्रियान्वयन नहीं किया गया है। इसके विपरीत सरकारी वितरण कंपनियों पर इस प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिससे नीति के संतुलन एवं उद्देश्य पर सवाल उठते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग पूरी तरह से संचार नेटवर्क पर आधारित है। नेटवर्क फेल होने पर रिचार्ज अपडेट और कनेक्शन का दोबारा जोड़ने में काफी विलंब होता है। उन्होंने कहा कि नेगेटिव बैलेंस के कारण डिस्कनेक्ट होने के बाद भुगतान करने के बाद भी प्रदेश के करीब दो लाख घरों में आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है।

**समस्या** | घटनाओं के सापेक्ष पोस्ट बाइट वैक्सीन की उपलब्धता कम

## पशु चिकित्सालयों पर एंटी रेबीज वैक्सीन की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशुपालक खरीदकर लगवाते वैक्सीन या कर देते हैं अनदेखा



**अमृत विचार :** प्रदेश में संचालित राजकीय पशु चिकित्सालयों में एंटी रेबीज की प्री और पोस्ट बाइट वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में नहीं है। प्री- यानी सिंगल डोज पशु को रेबीज से बचाने के लिए पहले से लगाया जाता है, जबकि पोस्ट बाइट वैक्सीन गाय, भैंस, बकरी आदि को कुत्ता, नेवला, बंदर, छछूंदर के काटने यानी बाइट की घटना पर लगते हैं।

इन घटनाओं पर पोस्ट बाइट वैक्सीन की जरूरत ज्यादा होती है। इसके पूरे पांच डोज लगते हैं। विभाग भले ही आपूर्ति का दावा करता हो लेकिन, चिकित्सकों के अनुसार उन्हें मांगने पर पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में पशुपालक घटना के समय मेडिकल स्टोर से वैक्सीन खरीदकर लगवाते हैं तो कई के अनदेखा करने से रेबीज ग्रस्त पशु तड़पकर मर जाते हैं। ज्यादा परेशानी आवारा पशुओं से होती है। इनके संक्रमित होने से रेबीज एक से दूसरे में फैलता है और इन्हें बचाने की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि संक्रमित पशु किसी अन्य पशुओं या मनुष्य को काटते या चाटते हैं तो उनकी लार से वह रेबीज का शिकार हो जाते हैं।

### बांटी 2.52 लाख वैक्सीन, कई चिकित्सालय वंचित

वैक्सीन की आपूर्ति पशुपालन निदेशालय जिलों पर करता है। इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश में करीब 24 हजार प्री बाइट और 2.52 लाख पोस्ट बाइट वैक्सीन की आपूर्ति की गई है। इसके अतिरिक्त 10 फीसद वैक्सीन रिजर्व हैं। फिर भी लखनऊ, प्रतापगढ़, उन्नाव, कानपुर समेत अन्य जिलों के कुछ चिकित्सालयों पर दोनों वैक्सीन नहीं है। जिन चिकित्सालयों पर बिजली कनेक्शन या फ्रिज नहीं है तो वहां वैक्सीन नहीं है। कुछ चिकित्सक तो वैक्सीन एक्सपायर होने के डर नहीं उठाते हैं। यदि इस्तेमाल न हुई तो उन पर कार्रवाई का प्रावधान है।

### जिम्मेदारों के नहीं उठते फोन

इस संबंध में पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. मेम पाल सिंह और निदेशक रोग नियंत्रण डॉ. राजेंद्र प्रसाद से उनका पक्ष जानना चाहा तो फोन नहीं उठे। व्हाटसएप मैसेज पर भी किसी तरह का जवाब नहीं दिया। खबर के संबंध अक्सर इन जिम्मेदार अफसरों के फोन नहीं उठते हैं।

## आम में लगा दहिया रोग, कम होगी पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** पिछले सप्ताह हुई बारिश से आम बेल्ट पर असर पड़ा है। दहिया रोग लगने से पेड़ों पर आई बौर काली पड़ गई है। इससे इस बार आम की पैदावार कम होगी। बागवान भी फसल बर्बाद देखकर चिंतित हैं और रोकथाम के इंतजाम कर रहे हैं।

जिले के मलिहाबाद, रहिमाबाद, काकोरी, माल और बीकेटी में इस बार आई अधिक आम की बौर ने बागवानों के चेहरे खिला दिए थे। उम्मीद थी कि इस बार आम की अधिक पैदावार होगी। लेकिन, पिछले सप्ताह हुई बारिश ने मेहनत और फसल पर पानी फेर दिया। बारिश से दहिया रोग फैल गया है। इससे पेड़ों पर आए बौर काले पड़कर झड़ने लगे हैं। ऐसे में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि बौर काले पड़ने से उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। बागवानों को चाहिए कि वह पहले दहिया रोग नियंत्रण के उपचार करें। इसके लिए एक ग्राम हेक्झाकोनॅझोल और .3 एमएल इमिडाक्लोप्रिड प्रति लीटर पानी में मिलाकर पेड़ों में छिड़काव करें। इससे दहिया रोग खत्म हो जाएगा।

